www.amritvichar.com

## सुविचार



ऐसे कार्य करें जिससे कि आपको लगे कि आपके काम से अंतर आ रहा है और अंतर आता भी है।
-विलियम जेम्स


# अमृत विचार

बरेली महानगर


### बरेली के प्रमुख समाचार


- भाजपा नेता के भाई की शादी में बवाल, बरातियों को पीटा-II
- आयुर्वेदिक स्पार्टन्स को हरा फार्मेसी किंग्स चैंपियन-III
- परशुराम प्रकटोत्सव पर निकाली भव्य शोभायात्रा-IV


बरेली, सोमवार, 20 अप्रैल 2026

## सिटी ब्रीफ

### अवसाद में युवक ने खुद को मारी गोली हालत गंभीर

**बरेली/आंवला, अमृत विचार :** कस्बे की श्री राम कालोनी निवासी पंकज सिंह लंबे समय से मेडिकल स्टोर पर काम कर रहे थे। वहां से काम छूटने के बाद उन्हें कहीं सही काम नहीं मिल पा रहा था। इससे वह अवसाद में थे। रविवार देर शाम उन्होंने मां से खाना मांगा। खाना लाने के लिए मां दूसरे कमरे में गईं, तभी पंकज सिंह ने तमंचा से कनपटी से सटा कर गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर मां व अन्य लोग मौके पर पहुंचे। उन्हें सीएचसी लाया गया। जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। परिजन उन्हें निजी अस्पताल में ले गए हैं। जहां उनकी हालत गंभीर है।

### पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान, काटे वाहनों के चालान

**बरेली/रिठौरा, अमृत विचार :** बरेली-पीलीभीत हाईवे किनारे पुलिस ने रविवार को चेकिंग अभियान चलाकर नियमों के उल्लंघन पर 131 बाइकों के चालान काटने की कार्रवाई की। इससे वाहन चालकों में खलबली मच गई। कस्बे में कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे अतिक्रमण करवा रखा है। जिसका वे मोटा किराया वसूलते हैं। कई जगहों पर नो पार्किंग में वाहन खड़े किए जा रहे हैं। वहीं खुलेआम नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए पुलिस ने अभियान चालाकर ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। चौकी प्रभारी वैभव गुप्ता के नेतृत्व में एसएसआई मदन गोपाल, दिनेश कुमार, सत्यवीर गिरि, चंद्रवीर, पायल रानी, रोबिन कुमार, नितेश चौधरी, गजेंद्र सिंह, राजेंद्र शर्मा ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया।

### संगठनों ने स्कूल टाइम में बदलाव करने की मांग उठाई

**बरेली, अमृत विचार :** शिक्षणेत्तर कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष हरी शंकर ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर विद्यालयों का समय परिवर्तित किए जाने की मांग की है। कहा कि तेज धूप के कारण बच्चों, शिक्षकों और कर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ शिक्षक नेता हरीश बाबू शर्मा ने कहा कि स्कूल टाइम के समय बिजली गुल होने से बच्चों को परेशानी होती है। इसे ध्यान में रखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव किया जाए।

### अति संवेदनशील गांव में सफाई नहीं, सीएमओ ने जताई नाराजगी

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने मीरगंज के अति संवेदनशील गांव बल्लिया और धनेटा में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की प्रगति का निरीक्षण किया। हुरहुरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में आयोजित आरोग्य मेले का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ग्रामसभा में सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। कई स्थानों पर गंदगी देखी गई, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएमओ ने एडीओ पंचायत, ग्राम विकास अधिकारी और ग्राम प्रधान को तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

## नाला निर्माण में लापरवाही ठेकेदार पर 50 हजार जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बरेली




**अमृत विचार:** नगर निगम ने वार्ड-46 में नाला निर्माण में लापरवाही बरतने पर ठेकेदार दुष्यंत पर 50 हजार रुपये का जुर्माना डाला है। निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राजीव कुमार राठी ने बताया कि निरीक्षण में सामने आया कि 1625 मीटर लंबे प्रस्तावित नाले के सापेक्ष ठेकेदार ने मात्र 30 मीटर खोदाई कर काम बीच में ही छोड़ दिया। मौके पर बैरिकेडिंग और सुरक्षा संकेतों का अभाव पाया गया, जिससे स्कूली बच्चों और राहगीरों के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है। पूर्व में दिए गए नोटिस के बावजूद सुधार न होने पर यह सख्त कदम उठाया है।

एक्सईएन के मुताबिक ठेकेदार को तत्काल सुरक्षा मानकों के साथ कार्य पूरा करने की अंतिम चेतावनी दी है।

## तपिश से चढ़ा पारा...मंडल के तीन जिलों में यलो अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रविवार को बदायूं मंडल में सबसे गर्म, पीलीभीत में पारा 42 के पार
- दिनभर लू जैसी बनी रही स्थित आगामी दिनों में नहीं मिलेगी राहत



धूप से बचने को सिर पर दुपट्टा डालकर जातीं युवतियां। • अमृत विचार



**अमृत विचार :** मंडल में तपिश बढ़ती जा रही है। रविवार को बदायूं 42.5 डिग्री तापमान के साथ मंडल में सबसे गर्म रहा। पीलीभीत में पारा 42.3 डिग्री दर्ज किया गया। बरेली में अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3.4 डिग्री अधिक है। शाहजहांपुर में पारा 41.5 डिग्री पहुंचने के साथ ही मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। यानी अब रात में भी गर्मी सताएगी। मौसम विभाग के अनुसार आसमान साफ होने और शुष्क हवाओं के चलने से गर्मी का यह सितम अभी और गहरा सकता है।

नियमानुसार 42 डिग्री तापमान पहुंचने पर यलो अलर्ट घोषित किया जाता है, जिसे देखते हुए बदायूं और पीलीभीत पहले ही इसकी जद में थे। अब शाहजहांपुर में भी पारा 41.5 डिग्री सामान्य से 4.9 डिग्री अधिक पहुंचने और भीषण गर्मी के पूर्वानुमान को देखते हुए अलर्ट जारी कर दिया गया है। इन जिलों में लू जैसी स्थिति बनी हुई है। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के अनुसार आने वाले दिनों में प्रदेश के कई हिस्सों में लू की स्थिति बनी रहेगी। जिसका सीधा असर बरेली मंडल के जिलों पर पड़ेगा। लोगों को धूप में निकलते समय सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। बरेली में रविवार को सुबह से ही तेज धूप के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। हालांकि, मंडल के अन्य जिलों की तुलना में बरेली में तापमान थोड़ा कम रहा, लेकिन उमस और चिलचिलाती धूप ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया।

## अक्षय तृतीया पर चमका सराफा बाजार

### सर्राफा दुकानों पर दिखी ग्राहकों की भीड़, ऑटोमोबाइल समेत कई सेक्टर में हुई जमकर खरीदारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सोना-चांदी की कीमतें बढ़ने के चलते मंदी से मिली व्यापारियों को राहत



अक्षय तृतीया पर शहर के एक ज्वेलरी शोरूम में आभूषण खरीदते ग्राहक। • अमृत विचार



इस बार शादी का सीजन और अक्षय तृतीया का संयोग बाजार के लिए बेहद लाभकारी साबित हुआ। शुभ मुहूर्त के चलते ग्राहकों ने जमकर खरीदारी की जिससे कारोबार में तेजी आई।
–संजीव औतार अग्रवाल, सराफा व्यापारी

**अमृत विचार :** अक्षय तृतीया पर सराफा बाजार में बूम देखने को मिला। आलमगिरी गंज सहित प्रमुख सर्राफा प्रतिष्ठानों पर ग्राहकों की भीड़ रही। लोगों ने आभूषणों की खरीदारी को शुभ मानकर निवेश किया। बाजार में लंबे समय बाद उछाल के साथ करीब 250 करोड़ रुपये का अनुमानित कारोबार हुआ है।

अक्षय तृतीया को शुभ मुहूर्त मानते हुए लोगों ने सोना-चांदी की खरीदारी को प्राथमिकता दी। सभी तरह के आभूषणों की बिक्री हुई। महिलाओं ने भारी पारंपरिक गहनों के बजाय हल्के वजन और आधुनिक डिजाइन वाले आभूषणों को ज्यादा पसंद किया। खासकर डेली वियर ज्वेलरी, छोटी डिजाइन की चेन, रिंग और छोटे पेंडेंट की मांग अधिक रही। सराफा व्यापारियों के अनुसार बढ़ी कीमतों के चलते ग्राहक कम वजन में बेहतर डिजाइन तलाश रहे हैं। पिछले कुछ समय से कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण बाजार से रौनक कम हो गई थी।

अक्षय तृतीया पर सराफा बाजार को नई संजीवनी देने का काम किया। इसके साथ ही ऑटोमोबाइल सेक्टर में दोपहिया और चारपहिया वाहनों की डिलीवरी भी बड़े पैमाने पर हुई। इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में एसी, कूलर, फ्रिज और अन्य घरेलू उपकरणों की मांग रही।



ज्वेलरी शोरूम में आभूषण देखते ग्राहक। • अमृत विचार

## बीडीए की रामायण वाटिका क्राफ्टो पर छाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- क्राफ्टो एप सुविचार, प्रेरक उद्धरण, स्टेटस बनाने व साझा करने को उपयोग किया जाता है

**अमृत विचार :** रामायण काल को जीवंत कर रही बरेली विकास प्राधिकरण की ओर से विकसित की गयी रामायण वाटिका इंटरनेशनल फेम बन चुकी है। रामायण के प्रसंगों पर बनी वाटिका एआई आधारित डिजिटल कंटेंट प्लेटफॉर्म क्राफ्टो एप छाई हुई है। यह एप सुविचार, त्योहारों की शुभकामनाएं, प्रेरक उद्धरण और व्यक्तिगत स्टेटस बनाने व साझा करने के लिए उपयोग किया जाता है। इस प्लेटफार्म पर क्लिप स्टेटस जारी किया गया, जिसमें उन चीजों को दिखाया गया जो रामायण वाटिका में स्थापित की गयी हैं।

करीब 22 करोड़ की लागत से स्थापित की गयी रामायण वाटिका में चित्रकूट, किष्किंधा के दृश्य 3 डी विजुअल के माध्यम से दर्शाए गए हैं। 51 फीट ऊंची भगवान श्रीराम की प्रतिमा, रामायण के प्रसंगों पर आधारित लैंडस्केप, औषधीय पौधे रामायण काल को जीवंत करते हैं। क्राफ्टो एप पर आने से वाटिका को विदेशों में बैठे लोगाभी देख रहे हैं। पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उद्घाटन करने आने को लेकर तैयारियां की गयी थीं लेकिन किन्हीं परिस्थितियों में मुख्यमंत्री नहीं आए। उद्घाटन के बाद रामायण वाटिका विधिवत खोल दी जाएगी।




रामायण वाटिका का दृश्य।

## सड़क पर पड़ी दरारें, मिट्टी डालकर बना दीं क्यारियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- रामायण वाटिका कॉलोनी में नई सीसी रोड में दूसरे दिन ही आ गईं दरारें

**अमृत विचार :** मुंशीनगर की रामायण वाटिका कॉलोनी में हाल ही में डाली गई सड़क की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। यहां छह दिन पहले सीसी रोड का निर्माण कराया गया था। लोगों का आरोप है कि सड़क बनने के महज दूसरे ही दिन जगह-जगह दरारें दिखाई देने लगीं। भीषण गर्मी के कारण दरारें बढ़ने लगीं।

सड़क में दरारें जब बढ़ने लगीं तो ठेकेदार ने सुधारने के बजाय पूरी सड़क पर मिट्टी की छोटी-छोटी क्यारियां बना दी गईं और उनमें पानी भर दिया गया। ठेकेदार की इस लापरवाही ने एक नई मुसीबत भी खड़ी कर दी है। क्यारियों में भरी गई मिट्टी पानी के साथ बहकर नालियों में जा रही है, जिससे जल निकासी व्यवस्था ठप होने की संभावना बढ़ गई है। कीचड़ और पानी के कारण पैदल चलने वालों और वाहन स्वामियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी का कहना है कि धूप के तेवर तेज होने की वजह से क्यारियां बनाई गईं हैं, ताकि पानी का ठहराव होने से सड़क पक्की हो सके। गड़बड़ी जैसी यदि कोई शिकायत मिलेगी तो अवर अभियंता को भेजकर इसकी जांच कराई जाएगी।

## उफन रहे सीवर, घरों के आगे जमा हो रहा गंदा पानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



घरों के बाहर कुछ इस तरह बह रहा सीवर का पानी। • अमृत विचार



सोसाइटी के एक प्लाट में सीवर की गंदगी।

- सीएम ग्रिड योजना में निर्माण के चलते डीडीपुरम में बंद कर दी सीवर लाइन, लोग परेशान

**अमृत विचार :** सीएम ग्रिड योजना के तहत शहर के डीडीपुरम में एक महीने से निर्माण कार्य चल रहे हैं। सीवर लाइन भी डाली जा रही है। बीबीएल स्कूल के समीप रिहायशी मकानों की मुख्य सीवर लाइन को निर्माणाधीन कार्य के दौरान बंद करने से काफी समय से गंदा व बदबूदार पानी घरों के सामने जमा हो रहा है। लोगों को परेशानी से जूझना पड़ रहा है। क्लासिक ग्रीन रेजीडेंट वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों का कहना है शिकायत के बाद भी नगर निगम के जलकल विभाग के अफसर इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

सोसाइटी की सदस्य अंजुल मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर 12 मार्च से अब तक पांच बार शिकायतें दर्ज की गईं, लेकिन समाधान के नाम पर सिर्फ कागजी घोड़े दौड़ाए गए। आरोप है कि जलकल विभाग के अधिकारियों ने किसी दूसरे स्थान की फोटो पोर्टल पर अपलोड कर शिकायतों का फर्जी निस्तारण दिखा दिया। जलकल विभाग के एई से लेकर जेई और सुपरवाइजर से कई बार संपर्क कर स्थिति की गंभीरता बताई, लेकिन समाधान के नाम पर सिर्फ ढाक के तीन पात ही हाथ लगे। दरअसल, योजना के कार्य के दौरान पुरानी लाइन क्षतिग्रस्त हुई हैं, लेकिन इसकी मरम्मत के लिए अभी तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

### जिम्मेदार लापरवाह : मौके पर जाते न ही फोन उठाते

नगर निगम के जलकल विभाग की मनमानी से लोग परेशान हैं। अफसर न तो जनता का फोन उठाते हैं और न ही मौका-मुआयना करना जरूरी समझते हैं। दो दिन पहले राजेंद्रनगर की पार्षद शशि सक्सेना ने भी अभियंताओं की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए थे। कहा था कि यह अभियंता न तो जनप्रतिनिधियों की सुनते हैं और न ही आम जनता का फोन उठाना मुनासिब समझते हैं। नगर आयुक्त से भी इसको लेकर पूर्व में कई शिकायत की जा चुकी हैं, लेकिन इन अभियंताओं का रवैया नहीं बदला। ऐसे में सड़कों पर सीवर उफनने के साथ जनता का आक्रोश फूटना लाजिमी है।

**मुश्किल**

### हैंडपंप के साथ टोटियां भी खराब, अवैध वेंडर बेच रहे लोकल पानी, परिवहन निगम के पुराने बस अड्डे पर हावी अव्यवस्थाएं

## बस अड्डे पर पानी के लिए यात्री हलकान

कार्यालय संवाददाता, बरेली



पुराने रोडवेज बस अड्डे पर टंकियों में नहीं आ रहा है पानी। • अमृत विचार



पंखे भी खराब पड़े हैं।




हैंडपंप भी खराब। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** रोडवेज बस अड्डा अव्यवस्थाओं का अड्डा बन गया है। गर्मी में यात्रियों के लिए न तो ठंडे पानी का इंतजाम है और न ही पंखे ठीक है। एक टंकी में गर्म पानी आ रहा है जबकि अन्य टंकियां खराब पड़ी हैं। मजबूरी में यात्रियों को अवैध वेंडरों से लोकल पानी मनमाने रेट में खरीदना पड़ रहा है। यह हाल तब है जब रोडवेज के आरएम से लेकर एआरएम तक पुराने बस अड्डे पर ही बैठते हैं।

गर्मी जैसे-जैसे तेवर दिखा रही है वैसे-वैसे आम लोगों की परेशानियां भी बढ़ती जा रही हैं। शहर के पुराने बस अड्डे पर हालात बेहद खराब हैं। यात्रियों के लिए न तो पीने के पानी की व्यवस्था है और न ही गर्मी से राहत दिलाने के लिए पंखे चल रहे हैं। कई जगहों पर लगे पंखे या तो खराब पड़े हैं या बिल्कुल ही नहीं हैं। वाटर कूलर या तो सूखे पड़े हैं या फिर साफ-सफाई नहीं होने के कारण लोग उनका उपयोग करने से कतराते हैं। उन्हें मजबूरी में अवैध वेंडरों से लोकल पानी मनमाने रेट पर खरीदना पड़ रहा है।

खराब हैंडपंप और टोटियों को ठीक कराया जाएगा। इसके अलावा पंखे भी ठीक कराएं जाएंगे। यात्रियों की सुविधाओं का पूरा खयाल रखा जाएगा।
– संजीव श्रीवास्तव, एआरएम बरेली डिपो

### वेंडरों को फायदा पहुंचाने का आरोप

कुछ रोडवेज कर्मचारियों ने बताया कि बस अड्डे पर बड़ी संख्या में अवैध वेंडर लोकल पानी मनमाने रेट पर यात्रियों को बेचते हैं। कई बार अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। वहीं कई बार अवैध वेंडर पानी की टोटियों को खराब कर देते हैं ताकि यात्री उनसे पानी खरीदे। आरएम कार्यालय के पास लगा एक हैंडपंप लंबे समय से खराब है। जगह-जगह टोटियां लगी हैं उनमें पानी नहीं आ रहा है। सिर्फ एक टोटी में गर्म आ रहा है जिसे यात्री पी नहीं रहे हैं।

## समस्याओं पर चर्चा को जुटेंगे श्रमिक




बैठक में मौजूद यूनियन के पदाधिकारी। • अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन की ओर से 1 मई मजदूर दिवस को सफल बनाने के लिए रेलवे स्टेशन के पास स्थित रेलवे मजदूर यूनियन नरमू कार्यालय में रविवार को बैठक मुकेश सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

महामंत्री संजीव मेहरोत्रा ने बताया कि कार्यक्रम की अनुमति के लिए 9 अप्रैल को सिटी मजिस्ट्रेट को आवेदन दे दिया गया है, अब संपर्क अभियान तेज किया जाएगा। उप महामंत्री गीता शांत ने कहा कि नई चार लेबर कोड्स और काम के घंटे बढ़ाए जाने का व्यापक विरोध जरूरी है। उपाध्यक्ष ध्यान चन्द्र मौर्य, डॉ. अंचल अहेरी, ललित चौधरी, दिनेश सक्सेना, राजेंद्र सिंह, जितेंद्र मिश्रा, हरिशंकर, मोहित देवल, कैलाश, केपी सिंह, टीडी भास्कर, सर्वेश मौर्य मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### नशे में जहरीला पदार्थ खान से चूड़ी विक्रेता की मौत

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर क्षेत्र के करेली गांव निवासी चूड़ी विक्रेता पप्पन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि शनिवार शाम शराब के नशे में जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने बाद ही पता लग सकेगा कि उसने क्या पिया था।

### बाइक सवार ने छात्र से छीना मोबाइल, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** बाइक सवार बदमाश ने छात्र से मोबाइल छीन लिया। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीबीगंज निवासी मोहम्मद जैद खान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा सोहेल खान निजी स्कूल में पढ़ता है। वह 17 अप्रैल को दोपहर में घर से दूसरे मकान की ओर जा रहा था। तभी पीछे से बाइक सवार युवक आया और सोहेल के हाथ से मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गया। शिकायत के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पास में लगे सीसीटीवी को खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस का कहना है जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### गार्ड ने फंदे से लटककर दी जान

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र के सिठौरा में घरेलू कलह के चलते गार्ड ने फंदे से लटककर जान दे दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। अर्जुन सिंह ने बताया कि बेटा जनक प्रसाद (36) की पत्नी संगीता बच्चों के साथ फरीदपुर क्षेत्र के तारा गोटिया गांव मायके में गई हुई थी। किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया था। इसपर जनक प्रसाद ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। जनक प्रसाद मूल रूप से जिला बदायूं के मूसा झाग थाना क्षेत्र के मेमोरी गांव का निवासी था। वह करीब 15 वर्षों से सुभाषनगर में रह रहे थे। वह एक बैंक में सिक्योरिटी गार्ड थे।

# भाजपा नेता के भाई की शादी में बवाल, बरातियों को पीटा

## मारपीट में चार लोग घायल, एक की हालत गंभीर, आंधे घंटे होता रहा हंगामा, लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से दंबगों ने बरातियों पर किया हमला

- परसाखेड़ा चौकी पुलिस ने थाना फतेहगंज पश्चिमी का मामला बताकर पल्ला झाड़ा

संवाददाता, सीबीगंज

**अमृत विचार:** सीबीगंज थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात भाजपा के मंडल अध्यक्ष के भाई की शादी समारोह के दौरान उस समय हड़कंप मच गया जब दबंगों ने बरातियों पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में चार लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आंधे घंटे तक बरात में बवाल होता रहा लेकिन पुलिस नहीं पहुंची और आरोपी फरार भी हो गए।


अस्पताल में भर्ती घायल युवक।


तोड़े गए मोबाइल फोन दिखाता बराती।

जौहरपुर गांव निवासी और भाजपा के सीबीगंज मंडल अध्यक्ष अजय मौर्य ने बताया कि उनके छोटे भाई रजत मौर्य की बरात में सब लोग जश्न में डूबे थे। डीजे पर गाने बज रहे थे और लोग नाच रहे थे। सब कुछ सही चल रहा था। आरोप है कि इसी दौरान टियूलिया गांव निवासी अजय गंगवार अपने चार-पांच साथियों के साथ आया और बरातियों पर हमला कर दिया। इससे बरात में अफरा-तफरी मच गई। कई बराती लहूलुहान हो गए। शादी समारोह में चीख-पुकार होने लगी।

आधे घंटे तक बरात में बवाल होता रहा। हमले में जौहरपुर निवासी धर्मेंद्र श्रीवास्तव सहित चार लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर परसाखेड़ा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन मामला फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र का बताकर चौकी पुलिस ने पल्ला झाड़ लिया। फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन तब तक सभी आरोपी फरार हो चुके थे।

घायलों के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। परिजनों का आरोप है कि हमलावरों की संख्या चार से पांच थी, लेकिन पुलिस ने सीमित धाराओं में मामला दर्ज किया है।

**कई लोगों के तोड़ दिए मोबाइल :** हमलावरों ने मारपीट का वीडियो बनाने वाले कई लोगों के मोबाइल तोड़ दिए। साथ ही लोगों को जान से मारने की धमकी भी दी। दबंगों ने फिल्मी स्टाइल में बरात में घुसकर घटना को अंजाम दिया। बरातियों का कहना था कि बिना किसी रंजिश के ही आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया है। बरात में इस वारदात ने पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। आधे घंटे तक वहां कोई पुलिस गश्त की गाड़ी नहीं निकली। ऐसे में तो कभी वहां पर कोई बड़ी घटना भी हो सकती है।

**सहमे बच्चे, डर गई महिलाएं :** शादी में खुशियों का माहौल था। वहां दबंगों की एंट्री के बाद जब लाठी डंडे चलने लगे तो बच्चे और महिलाएं डर गए। माता-पिता ने अपने बच्चों को गोद में उठा लिया। इसके साथ ही लोग बरातघर से ही बाहर चले गए।

### बच्चे के सिर पर ईंट मारकर किया लहूलुहान

**बरेली, अमृत विचार :** पड़ोसियों के बीच हुआ मामूली विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। घटना में पांच वर्षीय मासूम घायल हो गया, जबकि महिला के साथ मारपीट और अभद्रता की गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली के आजमनगर की रहने वाली हिना पत्नी निहाल ने बताया कि बारादरी के बालजती के पास मजार के पास 16 अप्रैल की रात बच्चों में कहासुनी हो गई थी। इसके बाद पड़ोसी अरमान, अमान और अयान ने उनके परिवार पर हमला कर दिया। अरमान ने उसके पांच वर्षीय बेटे अनस के सिर पर ईंट मार दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। इसके बाद पति व उसके साथ भी मारपीट की। इसकी शिकायत सेटेलाइट चौकी पुलिस से की लेकिनकोई मदद नहीं की। जब इंस्पेक्टर बारादरी तक मामले की शिकायत पहुंची तो उन्होंने आरोपी अरमान, अमान और अयान के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

> शादी में कुछ लोगों ने घुसकर हमला किया है। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश की जा रही है। हमलावरों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।
>
> – **मुकेश मिश्रा**, एसपी उत्तरी

# शराबी ने दरोगा से की मारपीट, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सतीपुर चौराहे पर रविवार रात उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब एक शराबी ने दरोगा और पुलिस टीम के साथ मारपीट कर दी। चौराहे के पास ठेले पर खुलेआम शराब पी जा रही थी। पुलिस टीम चेकिंग करती हुई वहां पहुंची और शराब पी रहे लोगों को रोकने लगी। पुलिस की कार्रवाई से नाराज युवक दरोगा से ही भिड़ गया। शराबी ने पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट शुरू कर दी, जिससे अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर अन्य पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। सतीपुर चौराहे पर ठेलों पर खुलेआम शराब पी जाती है, जिससे आए दिन इस तरह के विवाद होते रहते हैं। इससे पहले दिन भी वहां एक बस चालक के साथ मारपीट की गई थी। रविवार रात जब पुलिस वहां पर पहुंची तो कई शराबी दुकानों और ठेलों से खिसक लिए।

### पुलिस ने सिपाही को घायल करने वाली कार पकड़ी, मगर चालक को छोड़ा

**बरेली, अमृत विचार :** तेज रफ्तार कार चालक ने सिपाही को चपेट में ले लिया। इससे वह गंभीर घायल हो गया। सिपाही के भाई ने पुलिस से शिकायत की। चौकी पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया और चालक को जाने दिया। अमरोहा के हसनुपर स्थित धीमर खेड़ा निवासी मोहसिन खान ने बताया कि उनका छोटा भाई शमीम खान महोबा जिले में पुलिस में तैनात है। वह 18 अप्रैल की रात दो बजे बरेली आया था। नकटिया पर रांग साइड से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मोहसिन खान ने शिकायत पुलिस से की तो पुलिस ने कार कब्जे में ले ली लेकिन राजनीतिक प्रभाव के चलते चालक को जाने दिया। उसका मेडिकल भी नहीं कराया गया। जबकि चालक ने उस समय शराब पी रखी थी। वहीं अस्पताल में पुलिसकर्मी की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### लोग बोले दिन भर पी जाती है शराब

सतीपुर चौराहे पर लोगों से बातचीत की गई तो लोगों ने बताया कि वहां पर शराब पीना कोई नई बात नहीं है। रोज सुबह से लेकर रात तक वहां शराब पीने वालों का जमघट लगा रहता है। ऐसे में वहां से गुजरने वालों के साथ शराबी अभद्रता भी कर देते हैं।

### सेटेलाइट से सुरेश शर्मा नगर तक छलकते हैं जाम

शराब पिलाने वालों के ठेले सेटेलाइट से शुरू होते है और फिर सुरेश शर्मा नगर चौराहे तक चलते हैं। अब ठेलों के साथ साथ लोगों ने वैन भी बना ली है। जहां पर शाम होते ही कई शराब के शौकीन आते हैं और कार में बैठकर जमकर जाम छलकाते हैं।

> मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। अगर किसी ने इस तरह की अभद्रता की है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। –**पंकज श्रीवास्तव**, सीओ थर्ड

### व्यापारी से वसूली 70 हजार की रंगदारी, रिपोर्ट

**बरेली/कैंट, अमृत विचार :** मीट का वेस्टेज खरीद कर व्यापार करने वाले व्यक्ति से दबंग ने 70 हजार रुपए बतौर रंगदारी ले लिए। इसके बाद भी और रंगदारी मांग रहा है।

थाना बिथरी चैनपुर के गांव परसौना निवासी चंदा बाबू ने बताया, कि वह नकटिया स्थित मीट फैक्ट्री से मीट का वेस्टेज माल खरीद कर बेचने का काम करता है। फैक्ट्री द्वारा उसका बिल नहीं दिया जाता है।जिसका फायदा उठाकर आशु पुत्र इसरार निवासी ब्रह्मपुर शाहाबाद थाना प्रेम नगर, उसके द्वारा माल बेचने वाले दुकानदारों से अवैध रूप से रूपयों की वसूली भी करता है। आरोपी ने चंदा बाबू को भी ब्लैकमेल करते हुए 70 हजार रुपए रंगदारी के ले लिए। विरोध करने पर मारपीट की। गाली गलौज करते हुए कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने कैंट थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# तीन तस्कर गिरफ्तार, 92 किलो गांजा किया बरामद


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** इज्जतनगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 92.20 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। तस्करों से पुलिस ने एक कंटेनर और ई-रिक्शा भी कब्जे में लिया है।

इंस्पेक्टर सुरेश चंद्र गौतम ने बताया कि शनिवार को पुलिस ने विलयधाम पर पचौरी पेट्रोल पंप से पहले तीन संदिग्धों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से तीन सफेद प्लास्टिक के कट्टों में 18 बंडल मिले, जिनमें कुल 92.224 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शाकिर खां निवासी अभयपुर भोजीपुरा, सलमान निवासी घंघोरा करेली पीलीभीत व अमजद खां निवासी मिर्जापुर भुता के रूप में हुई। मुख्य आरोपी शाकिर खां ने बताया कि वह ट्रक चालक है और साथियों के साथ ओडिशा के कटक से गांजा लाकर बरेली व आसपास के जिलों में सप्लाई करता था। इस काम में अकबर व जान मोहम्मद भी शामिल हैं, जो कंटेनर की व्यवस्था करते थे।

### देवर ने की छेड़खानी, विरोध पर गला दबाया

**बरेली, अमृत विचार:** भाभी के साथ कई बार छेड़खानी करने वाला देवर उस पर अपने साथ रहने का दबाव बनाने लगा। घर में घुसकर छेड़खानी की और विरोध पर गला दबाकर मारने का प्रयास किया।

सुभाषनगर के करगैना क्षेत्र निवासी महिला ने बताया कि उसका देवर उस पर बुरी नियत रखता है और अपने साथ रहने का दबाव बनाता है। वह घर में घुसकर उसके साथ कई बार छेड़खानी कर चुका है। आरोप है कि देवर 17 अप्रैल की शाम सात बजे अपने गुरु के साथ शराब के नशे में घर में घुस आया और छेड़खानी की। विरोध पर गला दबाकर मारने का प्रयास किया। शोर मचने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सुभाषनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिलें
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

### ब्रेन हेमरेज से ड्राइवर की मौत, मोर्चरी में भाई की हालत बिगड़ी

- चालक के भाई को जिला अस्पताल में भर्ती कराया

**बरेली, अमृत विचार:** ब्रेन हेमरेज की वजह से जिला अस्पताल में इलाज के दौरान प्रयागराज निवासी ड्राइवर की मौत हो गई। मोर्चरी में शव देखते ही उसके भाई की भी तबीयत बिगड़ गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

हरिशंकर शुक्ला ने बताया कि उनके भाई गौरी शंकर शुक्ला बरेली के लोकल फंड ऑफिस में ड्राइवर थे। शनिवार सुबह गौरी शंकर को ब्रेन हेमरेज हो गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मोर्चरी में भाई का शव देखते ही हरिशंकर शुक्ला की हालत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गए। उन्हें जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया।

# केंद्रों पर गेहूं तौल सुस्त, आढ़ती मस्त

- दो से तीन दिन तौल का इंतजार करने के बजाय किसान औने-पौने दाम पर बेच रहे फसल
- एक दिन में तौल की सीमा तय होने से केंद्रों पर लगीं ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की कतारें

कार्यालय संवाददाता, बरेली


डेलापीर मंडी में ट्राली से उतरता गेहूं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले के सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों पर इन दिनों बंपर आवक हो रही है, लेकिन अन्नदाताओं को तौल के लिए दो से तीन दिन का इंतजार करना पड़ रहा है। आलम यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में खोले गए केंद्रों पर बारदाने का संकट है, तो कहीं तौल की गति इतनी धीमी है कि किसान केंद्रों पर ही रात काटने को मजबूर हैं। तौल में देरी का फायदा बिचौलिए और आढ़ती उठा रहे हैं, जो किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर कम दामों पर गेहूं खरीद रहे हैं। तमाम किसान ऐसे भी हैं जो सीधे खेत से ही उपज का सौदा कर रहे हैं।

केंद्र प्रभारियों का कहना है कि केंद्रों पर तौल की सीमा तय है, जबकि एक-एक किसान 150 से 200 क्विंटल तक गेहूं लेकर पहुंच रहा है। ऐसे में कम मात्रा में उपज लाने वाले किसान भी इस कतार में फंसे हुए हैं। सीमित संसाधनों और तय लिमिट के कारण तौल करना मुश्किल हो रहा है। किसानों का आरोप है समय पर तौल न होने पर खर्च बढ़ रहा है, फसल की सुरक्षा का डर भी बना रहता है। वे हार मानकर आढ़तियों के पास बच रहे रहे हैं। दूसरी ओर, डिप्टी आरएमओ कमलेश पांडेय का कहना है कि जेम पोर्टल के माध्यम से 70 हजार नए बोरे खरीदे गए हैं, जो रविवार को प्राप्त हो चुके हैं। दावा है कि अब बारदाने का संकट समाप्त हो गया है। इधर, सहकारिता विभाग के केंद्रों को लेकर बताया जा रहा है कि 95 फीसदी केंद्रों पर अब भी बारदाने का संकट बना है। आंकड़ों के मुताबिक, जनपद में अब तक 67 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है।

# नौकरी का झांसा, 14 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से 14 लाख की ठगी कर फर्जी ज्वाइनिंग लेटर दे दिया गया। बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बारादरी क्षेत्र के कालीबाड़ी की रहने वाली आशारानी पत्नी स्वर्गीय सतीश चंद्र ने बताया कि उनके बेटे ऋषभ सिंह को नौकरी का झांसा देकर करीब 14 लाख रुपये हड़प लिए। 31 जनवरी 2025 को प्रमोद राणा ने ऋषभ का परिचय शशि रतन दीक्षित और डॉ. सत्य रतन दीक्षित से कराया था। डॉ. सत्य रतन ने स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाते हुए मोटी रकम की मांग की।

बेटे के कहने पर उन्होंने अपने पति के फंड से मिले पैसों में से 5.65 लाख रुपये एक बैंक खाते में ट्रांसफर किए। इसके अलावा 25 हजार रुपये दूसरे खाते में जमा कराए गए, शेष रकम नकद और अन्य खातों में दी गई। कुछ समय बाद आरोपियों ने ऋषभ को ज्वाइनिंग लेटर दे दिया। वह ज्वाइन करने पहुंचा तो पता चला कि पत्र फर्जी है और उसके साथ ठगी हो चुकी है। पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी।

### धोखाधड़ी करने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव बरनाई केशौपुर के शिव कुमार ने टेंडर के माध्यम से एक कंपनी से सामान लिया था। कंपनी के कर्मचारी नागेंद्र कुमार मिश्रा लालपुर निवासी इंदिरा नगर लखनऊ ने उनकी मेल आईडी मांगी। आरोप है कि आईडी का दुरुपयोग करते हुए बैंक खाते का नंबर हटाकर अपना खाता नंबर जोड़ दिया। इस धोखाधड़ी से उनके 72,837 रुपये कंपनी कर्मचारी क खाते में चले गए। अब रुपये मांगने पर वह धमकी दे रहा है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# उर्स-ए-ताजुश्शरिया का कार्यक्रम जारी, तैयारी तेज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** उर्स-ए-ताजुश्शरिया को लेकर कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। 24 अप्रैल से परचम कुशाई की रस्म के साथ आगाज होगा। शाहबाद और आजम नगर से दो परचमी जुलूस निकलेंगे, जिनकी कयादत जमात रज़ा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खान (फरमान मियां) करेंगे। ये जुलूस दरगाह आला हजरत पर सलामी पेश कर दरगाह ताजुश्शरिया पहुंचेंगे, जहां काजी-ए-हिंदुस्तान मुफ्ती असजद मियां परचम कुशाई की रस्म अदा करेंगे।

इससे पहले दरगाह ताजुश्शरिया में सुबह नमाज-ए-फजर के बाद कुरानख्वानी होगी, जबकि दिन में नात व मनकबत का सिलसिला जारी रहेगा। रात में जामियातुर रजा में उलमा-ए-इकराम की तकरीरें होंगी। देर रात 1:40 बजे मुफ्ती-ए-आजम के कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। 25 अप्रैल को फजर नमाज के बाद कुरानख्वानी होगी। सुबह 7:10 बजे जिलानी मियां के कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। मुख्य कार्यक्रम दोपहर 12:30 बजे जामियातुर रजा में शुरू होगा। उर्स का समापन शाम 7:14 बजे ताजुश्शरिया के कुल शरीफ के साथ होगा। फरमान मियां ने बताया कि उर्स की तैयारियां की जा रही हैं। दरगाह से लेकर जामियातुर रजा तक सजावट का काम जारी है। वॉलंटियर्स को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

### 21 को लगेगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

उर्स-ए-ताजुश्शरिया के मौके पर कोहाड़ापीर में फय्याज बिल्डिंग के पास 21 अप्रैल को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। यह जानकारी मरकज ए अहले सुन्नत वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष मोहसिन हसन खान और शिविर प्रभारी नासिर कुरैशी ने दी है।

# सपा-कांग्रेस का विरोध, फूंका पुतला

- तीन तलाक पीड़ित महिलाओं ने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को लेकर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली


तीन तलाक पीड़िताओं ने दामोदर पार्क के बाहर फूंका पुतला। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** तीन तलाक पीड़ित महिलाओं के एक समूह ने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण से जुड़े मुद्दे को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने कहा कि वे अपने अधिकारों, प्रतिनिधित्व और समान भागीदारी के लिए आवाज उठा रही हैं। किसी भी नीति का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा जब उसका लाभ समाज की हर वर्ग की महिलाओं तक समान रूप से पहुंचे।

तीन तलाक पीड़िता और आला हजरत वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष निदा खान के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। इन महिलाओं ने समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस के पुतले फूंके और जमकर नारेबाजी की। आरोप लगाया कि मुस्लिम महिलाओं के हित में लाए जा रहे बिल को विपक्षी दलों ने रोक दिया है। निदा खान ने कहा कि महिलाओं को मतदान तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए, उन्हें नीति निर्माण और नेतृत्व में भी समान अवसर मिलना चाहिए। कई महिलाओं ने यह भी तर्क दिया कि आज की परिस्थितियों में महिलाएं केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि नीति-निर्माता की भूमिका भी निभा सकती हैं। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने अपील की कि महिला सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों को राजनीतिक दृष्टिकोण से ऊपर उठकर देखा जाए और ऐसे निर्णय लिए जाएं जो समाज की सभी महिलाओं को वास्तविक रूप से सशक्त बना सकें।

### छेड़छाड़ के विरोध पर किया हमला, कई घायल

**बरेली, अमृत विचार:** दुकान जा रहीं लड़कियों से छेड़खानी की गई। विरोध पर दबंग उनके घर में घुस गए और मारपीट की। युवती समेत कई लोग घायल हो गए।

बारादरी थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में छेड़छाड़ की शिकायत के बाद विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। देर रात दबंगों ने घर में घुसकर परिवार पर हमला कर दिया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। घायल युवती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसने बताया कि शनिवार शाम उसकी दो छोटी बहनें दुकान पर जा रही थीं। इसी दौरान पड़ोस के तीन-चार लड़कों ने उन पर अश्लील टिप्पणियां कीं। विरोध पर दबंगों ने गाली गलौज की। परिजन आरोपियों के घर शिकायत करने पहुंचे। इस दौरान आरोपियों ने माफी मांग ली, जिससे मामला उस समय शांत हो गया। रात में आरोपी साथियों के साथ दोबारा पहुंचे और युवती के घर में घुसकर हमला कर दिया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## सिटी ब्रीफ

### लिवर की सुरक्षा को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प

**बरेली, अमृत विचार** : सीबीगंज के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व लिवर दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम हुआ। सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश ने मरीजों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को लिवर की सुरक्षा के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प दिलाया। चिकित्सा अधिकारी डॉ. मधु गुप्ता ने बताया कि फैटी लिवर, हेपेटाइटिस और अन्य लिवर संबंधी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। फार्मासिस्ट हिर्देश, स्टाफ नर्स सरिता, मनमोहन आदि मौजूद रहे।

### जीपी कॉर्पोरेट क्रिकेट लीग में हुए तीन मुकाबले

**बरेली, अमृत विचार** : निशांत पटेल स्पोर्ट्स हब के खेल मैदान पर जीपी कॉर्पोरेट क्रिकेट लीग में रविवार को तीन क्वार्टर फाइनल हुए। हैपनिंग स्मार्ट बरेली क्रिकेट क्लब ने राइजिंग टाइटंस, महादेव स्ट्राइकर्स ने एसएन वॉरियर्स और तीसरे मुकाबले में शाइन क्रिकेट क्लब ने टीचर्स क्रिकेट टीम को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

# आयुर्वेदिक स्पार्टन्स को हरा फार्मेसी किंग्स चैंपियन

## के. कुमार एडवोकेट मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांचक फाइनल, वैभव को चुना गया मैन ऑफ द टूर्नामेंट

- खेल युवाओं में टीम भावना और अनुशासन विकसित करते हैं : डॉ. केशव अग्रवाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के झंडा ग्राउंड पर के कुमार एडवोकेट मेमोरियल नाइट क्रिकेट लीग का समापन समारोह उत्साह और गरिमा के साथ रविवार को संपन्न हुआ। फाइनल में फार्मेसी किंग्स ने आयुर्वेदिक स्पार्टन्स को हराया।



विजेता टीम फार्मेसी किंग्स के साथ मुख्य अतिथि डॉ.लईक अंसारी, डॉ.लता अग्रवाल, डॉ.वरुण अग्रवाल, प्रचार्य डॉ.रजनीश पठानिया। ● अमृत विचार

टूर्नामेंट में कुल आठ टीमों ने भाग लिया। आयुर्वेदिक स्पार्टन्स, आरएमसीएच टाइगर, अशोक किरण राइज़र और फार्मेसी किंग्स ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबला आयुर्वेदिक स्पार्टन्स और फार्मेसी किंग्स के बीच खेला गया। फार्मेसी किंग्स ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। डॉ. आदित्य को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, डॉ. अरुण को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और डॉ. इरफान को सर्वश्रेष्ठ फील्डर चुना गया। वैभव को मैन ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया। डॉ. फैज शम्सी को सर्वश्रेष्ठ प्रवक्ता का पुरस्कार मिला। कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के खेल आयोजन युवाओं में टीम भावना और अनुशासन विकसित करते हैं। प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल ने कहा कि खेल शारीरिक के साथ मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी हैं। प्रति कुलपति डॉ. किरण अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को सही दिशा और मंच प्रदान करते हैं। मुख्य अतिथि डॉ. लाईक अंसारी ने कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व विकास का अहम माध्यम हैं और इससे नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। उन्होंने आयोजन समिति और खिलाड़ियों की सराहना की।

कुलपति डॉ. लता अग्रवाल,डॉ. वरुण अग्रवाल, डॉ अर्जुन अग्रवाल, डॉ. प्रज्ञा, डॉ. चीना और आरएमसीएच के प्राचार्य डॉ. राजनीश पठानिया सहित कई उपस्थित रहे। डॉ. ताहिर, डॉ. दीपक, डॉ. पुष्पेंद्र, डॉ. इरफान, डॉ. रमजान, डॉ. आशुतोष, सैयदुर रहमान, प्रवीण गर्ग, सरंधर, राकेश गुप्ता, तस्लीम खान और आदित्य गंगवार सहित कार्यसमिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

### नेशनल पब्लिक स्कूल व मिशन एकेडमी ने जीते अपने मुकाबले

**बरेली, अमृत विचार** : एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-7 के पांचवें दिन नेशनल पब्लिक स्कूल और मिशन एकेडमी स्कूल ने जीत दर्ज की। अरुण यादव और शानू गंगवार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। जीके सिटी मांटेसरी की टीम को 9.1 ओवर में 43 रन बनाए। नेशनल पब्लिक स्कूल ने जीत का लक्ष्य 4.3 ओवर में हासिल कर लिया। मिशन एकेडमी ने निर्धारित ओवर में 192 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीपीएम की टीम बिखर गई। टीम 18.3 ओवर में 88 रन बना कर पवेलियन लौट गई। एसआरएमएस सीईटी के प्रिंसिपल डा. प्रभाकर गुप्ता ने मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी प्रदान की।

# ओबीसी कांग्रेस के सामाजिक न्याय सम्मेलन का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** आईएमए हॉल में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (ओबीसी विभाग) की ओर रविवार को सामाजिक न्याय भागीदारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद ने महिला आरक्षण बिल और दक्षिण भारत के राज्यों के साथ कथित नाइंसाफी को मुद्दा उठाते हुए कहा कि मोदी सरकार देश का विश्वास खो चुकी है।

सांसद राकेश राठौर ने कहा कि भाजपा सरकार में पिछड़ों को केवल निराशा मिली है और सत्ता का वास्तविक लाभ मनुवादी विचारधारा के लोग उठा रहे हैं। नवाबगंज के पूर्व विधायक छोटेलाल गंगवार ने न्यायपालिका व विश्वविद्यालयों में ओबीसी की नगण्य भागीदारी का आंकड़ा प्रस्तुत किया। विधायक वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि 2027 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी।



संबोधित करते डॉ. अनिल जयहिंद।

### पिछड़ा वर्ग सम्मेलन कांग्रेस का कार्यक्रम नहीं

**बरेली, अमृत विचार** : कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि पिछड़ा वर्ग सम्मेलन पार्टी का नहीं बल्कि निजी कार्यक्रम है। इस सम्मेलन में शामिल होने वाले पदाधिकारी अनुशासनहीनता की श्रेणी में माने जाएंगे। आयोजक बसपा में शामिल होकर लोकसभा की तैयारी कर रहे थे, कब कांग्रेस ज्वाइन कर ली, इसकी जानकारी न तो जिला व महानगर कांग्रेस को है और न ही प्रदेश स्तर पर किसी को है।

# लंबित मांगों को लेकर जताया आक्रोश

**बरेली, अमृत विचार** : ईपीएस-95 पेंशनर्स की मासिक बैठक रविवार को पुराने बस अड्डे पर हुई, जिसमें लंबित मांगें पूरी न होने पर आक्रोश जताया गया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष एके अरोरा ने की।

अशोक कुमार मिश्रा, वेद पाल सिंह, चिरंजीव गौड़, महेश कुमार अग्रवाल, अनूप कुमार अग्रवाल व सियाराम साहू ने लंबित मांगों को लेकर सरकार की धीमी कार्यवाही पर गहरा रोष व्यक्त किया। इस दौरान न्यूनतम पेंशन 7500 रुपये प्रति माह के साथ महंगाई भत्ता, पेंशनर्स दंपती को निशुल्क चिकित्सा सुविधा, बिना भेदभाव उच्च वेतन के आधार पर पेंशन स्वीकृति व ईपीएस-95 योजना से वंचित सदस्यों को एकमुश्त 5000 रुपये मासिक पेंशन की स्वीकृति की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि अल्प पेंशनर्स का धैर्य अब टूट चुका है और केवल आश्वासनों से उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होगा। तय किया गया कि क्षेत्र के सांसदों से पुनः संपर्क कर उनकी समस्याओं को संसद में उठाने के लिए कहा जाएगा। बैठक में परिवहन निगम, रबड़ फैक्ट्री, चीनी मिल आदि के ईपीएस-95 पेंशनर्स शामिल हुए। संचालन राम प्रकाश शर्मा ने किया।



बैठक में बड़ी संख्या में मौजूद पेंशनर्स। ● अमृत विचार

- ईपीएस-95 पेंशनर्स की मासिक बैठक आयोजित

# आमजन को रेल नियम व सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**बरेली, अमृत विचार** : अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि मंडल क्षेत्र में अवैध रूप से रेलवे लाइन पार करने, मवेशियों के ट्रैक पर आने और बच्चों की ओर से चलती ट्रेनों पर पत्थरबाजी जैसी घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं।

उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक कर इन घटनाओं को रोकने में सहयोग करें। मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सीआरओ (कैटल रनओवर) और एमआरओ (मैन रनओवर) से जुड़ी घटनाओं को चित्रों और वीडियो के माध्यम से प्रस्तुत कर उनके दुष्परिणामों से अवगत कराया गया।

# लोड बढ़ते ही 15 दिन में जले 52 ट्रांसफार्मर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पारा बढ़ते ही सिस्टम देने लगा धोखा, कार्रवाई किसी पर नहीं हुई
- पावर कारपोरेशन अध्यक्ष ने तय की थी अधिकारियों की जिम्मेदारी

**अमृत विचारः** अप्रैल में पारा चढ़ा वैसे ही ट्रांसफार्मर दगा देने लगे। जबकि बिजली विभाग की तरफ से गर्मी में बेहतर बिजली आपूर्ति देने की तैयारी सर्दी में ही शुरू कर दी गई थी। तक अक्सर कटौती कर लाइनें दुरुस्त की जा रही थीं। अब 15 दिन की गर्मी में ही शहर से लेकर देहात तक करीब 52 ट्रांसफार्मर फुंक गए। पावर कारपोरेशन अध्यक्ष ने ट्रांसफार्मर फुंकने पर कार्रवाई के आदेश दिए थे, लेकिन मुख्य अभियंता की तरफ से इसके लिए किसी पर कार्रवाई नहीं की गई।

गर्मी के चलते लगातार बढ़ता लोड जिले की विद्युत व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित करने लगा है। पिछले 15 दिनों में लोड और ओवर हीटिंग के चलते जिले में करीब 52 ट्रांसफार्मर जलकर खराब हो गए, जिससे कई मोहल्लों और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। इनमें शहरी क्षेत्र में तीन और ग्रामीण क्षेत्र में 49 ट्रांसफार्मर हैं। पिछले दिनों पावर कारपोरेशन अध्यक्ष ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग करके निर्देश दिए थे कि कहीं भी ट्रांसफार्मर फुंका तो संबंधित एसडीओ और जेई के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। 15 दिन में 52 ट्रांसफार्मर फुक गए लेकिन अभी तक एक भी एसडीओ या जेई पर कार्रवाई नहीं होने से अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



### जून-जुलाई में और बिगड़ेंगे हालात

विभाग की तरफ से सर्दी के मौसम में अनुरक्षण माह मनाकर घंटों बिजली कटौती की गई थी ताकि गर्मियों में लोगों को निर्बाध बिजली मिले, लेकिन गर्मी शुरू होते ही बिजली की किल्लत शुरू हो गई है। अभी जून और जुलाई की तपिश बाकी है। शहरी क्षेत्र में वार्टिकल व्यवस्था होने के बाद बिजली आपूर्ति के हालात और बिगड़ गए हैं।

> ग्रामीण क्षेत्र में ट्रांसफार्मर अधिक फुंके हैं। अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखकर ट्रांसफार्मर फुंकने की वजह बताने को कहा गया है। गर्मी से निपटने को लेकर विभाग की तरफ से तैयारी की गई है। खराब ट्रांसफार्मर बदलने और मरम्मत का काम तेजी से किया जा रहा है। साथ ही अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने और लोड मैनेजमेंट पर भी काम चल रहा है ताकि आपूर्ति को सामान्य किया जा सके। - **ज्ञान प्रकाश**, मुख्य अभियंता

## सिटी डायरी

### जीडी अमोला उत्तराखण्ड सांस्कृतिक समाज के दोबारा अध्यक्ष चुने गए

**बरेली, अमृत विचार** : उत्तराखण्ड सांस्कृतिक समाज राजेंद्र नगर का 44 वां वार्षिक अधिवेशन रविवार को संपन्न हुआ। जिसमें नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महासचिव कैलाश चंद्र पंत ने किया। प्रेम शंकर जोशी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। सर्वसम्मति से जीडी अमोला को दोबारा अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बिष्ट, डॉ. हरीश भट्ट, महामंत्री कैलाश चन्द्र पंत, संयोजक डीडी बेलवाल, उपमंत्री उमेश तिवारी, कोषाध्यक्ष हरिनंदन तिवारी, भण्डार सचिव भुवन जोशी, लेखा परीक्षक प्रथम किशन चन्द्र पंत व द्वितीय त्रिलोक सिंह भाकुनी चुने गए। कानूनी सलाहकार की जिम्मेदारी अमित पंत को सौंपी गई। संगठन मंत्री घनश्याम पांडे, सांस्कृतिक मंत्री आरसी पंत तथा सांस्कृतिक उपमंत्री राजेंद्र पाठक बने। मीडिया प्रभारी सतीश चंद्र जोशी, मोहन चंद्र पाठक, विनोद कुमार जोशी, नंदाबल्लभ पाठक, नवीन पाठक, दिनेश लोहनी, दिनेश पंत, अम्बादत्त सुनरी, कैलाश पांडे, राजेंद्र कुमार पाठक, डॉ. अनिल बिष्ट, हरेंद्र सिंह अधिकारी मौजूद रहे।



### सच्ची भक्ति में छल-कपट का स्थान नहीं होता



**बरेली, अमृत विचार** : प्रभात नगर स्थित श्री सोमनाथ मंदिर में चल रही राम कथा के आठवें दिन रविवार को आचार्य शंभू नाथ योगी महाराज ने पंचवटी, शबरी भक्ति व सुग्रीव मित्रता का प्रसंग सुनाया। आचार्य ने नवधा भक्ति के नौ रूपों सत्संग, कथा श्रवण, गुरु सेवा, निष्कपट भजन, मंत्र जाप, इंद्रिय निग्रह, समभाव, संतोष और सरलता का महत्व बताया। कहा कि सच्ची भक्ति में छल-कपट का स्थान नहीं होता और भगवान स्वयं भक्त के पास आते हैं। डॉ. शरद अग्रवाल, दीपक शर्मा, गुलशन कुमार सब्बरवाल, संजीव अग्रवाल, प्रशांत सक्सेना आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर का प्रथम स्थापना दिवस 20 से

**बरेली, अमृत विचार** : श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर के प्रथम स्थापना दिवस कार्यक्रम 20 अप्रैल से होंगे। रविवार को प्रेस वार्ता में श्री राधा संकीर्तन मंडल ट्रस्ट के महामंत्री अनुज अग्रवाल ने बताया कि पिछले वर्ष तुलसी मठ की ओर से मंदिर की व्यवस्था ट्रस्ट को दी गई थी। ट्रस्ट ने महाप्रभु जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा मैया के नव कलेवर की स्थापना कराई। 20 से 24 अप्रैल तक मंदिर का प्रथम वार्षिक स्थापना दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंदिर में तुलसीदास जी द्वारा स्थापित 550 वर्ष पुराना भोजपत्र स्वयं भू हनुमान विग्रह है। प्रतिदिन सुबह महाप्रसाद वितरण व जगन्नाथ स्वामी धर्मार्थ औषधालय भी संचालित है। प्रेस वार्ता में अध्यक्ष हरीश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, विकास अग्रवाल, पवन जायसवाल, देवेंद्र शर्मा, प्रदीप अग्रवाल, समित अग्रवाल, शिव चावला, विवेक अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, अशोक मौर्य आदि मौजूद रहे।




### छात्राओं ने नारी श्रृंखला का किया निर्माण



**बरेली, अमृत विचार** : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ फार्मेसी एवं रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर कार्यक्रम में चौथे दिन छात्राओं ने नारी श्रृंखला का निर्माण किया। उन्होंने यह संदेश दिया कि नारी केवल परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र की शक्ति एवं प्रेरणा का स्रोत है। प्राचार्य डॉ. पुष्पेंद्र कन्नौजिया ने कहा कि नारी सशक्तिकरण केवल एक विचार नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व है। कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सामाजिक समझ और संवेदनशीलता को विकसित करते हैं। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. अलका यादव के निर्देशन में अनीता यादव एवं मेघा पांडेय ने किया।

### संडे ऑन साइक्लिंग में बालिकाओं ने किया प्रतिभाग

**बरेली, अमृत विचार** : भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र की ओर से फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत रविवार को महिलाओं के साथ संडे ऑन साइक्लिंग में बालिकाओं ने भी प्रतिभाग किया। साइकिल रैली भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र से शुरू होकर धोपेश्वर नाथ मंदिर, मदारी की पुलिया होते हुए प्रशिक्षण केंद्र पर समाप्त हुई। रैली में पीएम श्री केवी एएफएस बरेली, आरएन टैगोर इंटर कॉलेज की छात्राओं एवं स्थानीय महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को फिट रहने के लिए साइक्लिंग को दिनचर्या में शामिल करने और प्रतिदिन 30 मिनट अनिवार्य रूप से साइक्लिंग व व्यायाम करने के लिए प्रेरित किया गया। आरंभ केंद्रीय विद्यालय एएफएस की शिक्षिका मारुति गुप्ता एवं साई के एथलेटिक्स प्रशिक्षक संदीप मोहन चौधरी ने किया। ममता बाजपेयी, साजिया खान, बीए शर्मा आदि उपस्थित रहे।



# डॉ. आंबेडकर ने हर समाज को सम्मान दिलाया



मुख्य अतिथि दुर्विजय सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट करते विधायक संजीव अग्रवाल।

- बाबा साहब के विचारों पर चलने का आह्वान किया

**बरेली, अमृत विचार** : बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान के तहत अर्बन हार्ट के ऑडिटोरियम में रविवार को कैंट विधानसभा की विचार गोष्ठी आयोजित की गयी।

मुख्य अतिथि ब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने अपने जीवन में जो संघर्ष किया, वह केवल अपने लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज को समान अधिकार और सम्मान दिलाने के लिए किया था। विशिष्ट अतिथि उमेश कठेरिया ने कहा कि दलित पिछड़ा वर्ग के साथ-साथ नारी शक्ति को सम्मान दिलाने वाले डॉ. भीमराव आंबेडकर के बताए मार्ग पर हमें चलना चाहिए।

कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। अध्यक्षता बरेली कॉलेज की प्रवक्ता सुषमा गौड़ियाल व संचालन अमरीश कठेरिया ने किया। पूर्व सीएमओ डॉ. शिवम ओम, आनंद प्रकाश, घमंडी सिंह, राजो गिहार, दीपक सोनकर, सुमन दिवाकर को सम्मानित किया गया।

भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, शिशुपाल कठेरिया, हरबंस सिंह, हरि सिंह, अंशु आर्य, योगेश बंटी, डॉ. रामचन्द्र मौर्य, विकास पासवान, विशाल, इंद्रजीत सागर, ओमप्रकाश दिवाकर, सोनू कालरा, संजीव वाल्मीकि, सुमित वाल्मीकि, संजीव गिहार, मनोज भारती आदि उपस्थित रहे।



डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति सम्मेलन में मंचासीन अतिथि।। ● अमृत विचार

### वनमंत्री ने कराया डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति सम्मेलन

**बरेली, अमृत विचार** : शहर विधायक वनमंत्री डॉ अरुण कुमार की ओर से रविवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति सम्मेलन का आयोजन अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के सभागार में कराया गया। मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि बाबा साहब के जीवन से हम सभी को प्रेरणा मिलती है। डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि बाबा साहब के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। मनोज थपलियाल, श्रुति गंगवार, राजकुमार सागर, अधीर सक्सेना, अनिल कुमार एडवोकेट, योगेश बंटी आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बच्चों में दांत निकलने की प्रक्रिया जानें, करें सही देखभाल

**बरेली, अमृत विचार** : बच्चों के विकास का एक अहम चरण होता है दांत निकलना। यह प्रक्रिया 6 महीने से शुरू होकर 2 से 3 साल तक जारी रहती है। इस दौरान बच्चों के दूध के दांत धीरे-धीरे बाहर आने लगते हैं

इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज (आईडीएस) के दंत विशेषज्ञ डा. शिवांगी शर्मा के अनुसार दांत निकलने के समय बच्चों में कई सामान्य लक्षण देखने को मिलते हैं। इनमें मसूड़ों में सूजन और लालिमा, बार-बार लार आना, चीजों को चबाने की इच्छा, चिड़चिड़ापन, नींद में कमी और कभी-कभी हल्का बुखार शामिल है। ये लक्षण अस्थायी होते हैं, लेकिन सही देखभाल से बच्चे को राहत दी जा सकती है। साफ उंगली या गीले कपड़े से मसूड़ों की मालिश राहत देती है। ठंडा चम्मच मसूड़ों पर लगाने से भी दर्द कम हो सकता है। बच्चे को तेज बुखार, दस्त या ज्यादा परेशानी हो, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

# कायस्थ सेना कल्याण परिवार ने किया संगठन का विस्तार




कार्यक्रम में मंचासीन पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 151 लोगों ने ली संगठन की सदस्यता

**अमृत विचारः** अक्षय तृतीया पर कायस्थ सेना कल्याण परिवार ने सदस्यता महा अभियान की शुरुआत खुशहाली सभागार में कार्यक्रम आयोजित करके की।

जिलाध्यक्ष आलोक सक्सेना ने हिंदू समाज कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवकुमार बरतरिया को संगठन की सदस्यता ग्रहण कराकर महा अभियान की शुरुआत की। भाजपा के पूर्व प्रदेश सह मीडिया प्रभारी आशीष सक्सेना विद्यार्थी सहित 151 लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश संरक्षक संजीव सक्सेना ने नए स्वर्ग धाम शव वाहन के लिए 1,11,000 रुपये की सहायता की घोषणा की। शशांक जौहरी को महानगर उपाध्यक्ष एवं दिव्यांश सक्सेना को महानगर सचिव की जिम्मेदारी दी गई। भाजपा पार्षद एवं प्रदेश सचिव सुधा सक्सेना, सीमा प्रधान ने कविता पढ़ी। प्रदेश अध्यक्ष आलोक प्रधान एडवोकेट, प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज सक्सेना धूप, महानगर अध्यक्ष अमित सक्सेना मिट्ठू, महामंत्री शुभांक सक्सेना , पूजा सक्सेना, नेहा सक्सेना, शालिनी सक्सेना, रवींद्र श्रीवास्तव, आलोक सक्सेना, श्याम दीप सक्सेना, योगेश सक्सेना, अशोक कुमार, संदीप सिंन्हा, आलोक वर्मा, अजय सक्सेना, देवेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सामूहिक प्रयासों से बेहतर होंगी महानगर टाउनशिप में व्यवस्थाएं

- पार्किंग प्रबंधन, नियमों का पालन करने व स्वच्छता पर जोर दिया

**महानगर कॉलोनी / बरेली** । शहर में पीलीभीत बाईपास स्थित महानगर टाउनशिप का आर्यन प्लाजा मार्केट अपनी विविध दुकानों के लिए जाना जाता है। यहां की व्यवस्थाओं को अधिक सुलभ और सुरक्षित बनाने के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पार्किंग प्रबंधन, स्वच्छता, जागरूकता से इस टाउनशिप को और बेहतर बनाया जा सकता है। इसके लिए स्थानीय नागरिकों के साथ व्यापारियों को भी आगे आना होगा। नियमों का पालन करना होगा।

हालांकि, आर्यन प्लाजा में शाम के समय ग्राहकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पार्किंग प्रबंधन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। यदि सभी वाहन स्वामी और दुकानदार निर्धारित पार्किंग स्थल का ही उपयोग करें, तो यातायात सुगम बना रहेगा। पार्किंग एरिया को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए जरूरी है कि ठेले वाले और अस्थायी दुकान संचालक नियमों का पालन करें, ताकि बाजार आने वाले ग्राहकों को असुविधा न हो और व्यापार में भी वृद्धि हो।



महानगर टाउनशिप में हमें स्वच्छता के साथ आधुनिकीकरण पर ध्यान देना होगा। आर्यन प्लाजा स्थित शौचालयों की मरम्मत कराकर उनमें नए दरवाजे लगवाएं और बेहतर देखरेख करें तो आगंतुकों और कर्मियों को स्वच्छ वातावरण मिलेगा। -**सुबोध कुमार अग्रवाल**



कॉलोनी की प्रशासनिक व्यवस्था को नगर निगम के साथ एकीकृत करने की दिशा में प्रयास बढ़ रहे हैं। यदि नियमित साफ-सफाई और कचरा प्रबंधन प्रणाली को शहर के मुख्य वार्डों की तरह सुव्यवस्थित कर दिया जाए तो कॉलोनी का स्वरूप और निखर सकता है। -**सुधीर कुमार उपाध्याय**



सड़कों का नवीनीकरण और मरम्मत महत्वपूर्ण कदम होगा। बुनियादी ढांचे को नगर निगम के मानकों के अनुरूप उन्नत किया जाता है तो वाहन चालकों को सुगमता होगी बल्कि पैदल चलने वालों के लिए भी यह क्षेत्र अधिक सुरक्षित और आरामदायक हो जाएगा। -**मुस्कान**



कॉलोनी में सुरक्षित वातावरण के लिए पशु नियंत्रण के लिए जागरुकता की आवश्यकता है। स्थानीय प्रशासन और निवासियों के सहयोग से सुरक्षित प्रणाली विकसित की जाए, तो पैदल चलने वाले नागरिक और बच्चे निडर होकर बाहर निकल सकेंगे। - **बबीता अग्रवाल**

## सिटी ब्रीफ

### परशुराम जयंती पर निकाली बाइक रैली

**बरेली, अमृत विचार :** जय परशुराम सेना की तरफ से रविवार को भगवान श्री परशुराम जयंती पर बाबा अलखनाथ मंदिर परिसर से बाइक रैली को वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल कुमार सक्सेना ने रवाना किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट जयपाल सिंह कश्यप, राष्ट्रीय महासचिव अमित गुप्ता, राष्टीय कोषाध्यक्ष माला गुप्ता, जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, महानगर अध्यक्ष आशीष सिंह, मुकुल गुप्ता, सोनेलाल शुक्ला, अजय पाल, आकाश मौर्य समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### विंडरमेयर में आज निशुल्क कार्यशाला

**बरेली, अमृत विचार :** थिएटर और अभिनय में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं को विंडरमेयर एक विशेष अवसर दे रहा है। ड्रामा स्कूल मुंबई की एकेडमिक हेड इरावती कर्णिक सोमवार शाम साढ़े 6 बजे विंडरमेयर में प्रतिभागियों से संवाद करेंगी। दो घंटे के इस सत्र का विषय रंगकर्म और प्रशिक्षण की आवश्यकता रखा गया है। सत्र में रंगमंच, अभिनय कौशल और पेशेवर प्रशिक्षण पर चर्चा होगी। प्रवेश निशुल्क रखा गया है। प्रतिभागी विंडरमेयर द्वारा उपलब्ध कराए गए ऑनलाइन लिंक के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं।

# परशुराम प्रकटोत्सव पर निकाली भव्य शोभायात्रा

## शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल, झांकियां, बैंड-बाजे ने बनाया दिव्य माहौल, गूंजते रहे परशुराम के जयकारे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** अक्षय तृतीया के अवसर पर रविवार को भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पर शहर के मढ़ीनाथ क्षेत्र में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में रंग हुआ नजर आया। शोभायात्रा शांति विहार कॉलोनी, होली चौक, बदायूं रोड, गणेश नगर, नेकपुर, मनीषा गोदाम रोड और ब्रह्मदेव थान होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण में पहुंचकर संपन्न हुई।

शोभायात्रा में भगवान परशुराम की आकर्षक झांकियां प्रमुख केंद्र रही। बैंड-बाजों की धुन, ढोल-नगाड़ों की गूंज और भजनों ने वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। कई जगह जलपान और शरबत की व्यवस्था भी की गई। यात्रा से पूर्व मंदिर परिसर में भगवान शिव और राधा रानी के समक्ष विधिवत पूजन और भजन-कीर्तन



परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा में शामिल बड़ी संख्या में लोग। ● अमृत विचार

● **परशुराम के आदर्शों को अपनाने पर दिया जोर**

आयोजित हुए। महापौर डॉ. उमेश गौतम ने शोभायात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम शास्त्र और शस्त्र दोनों में निपुण होकर धर्म की स्थापना के प्रतीक हैं। पूर्व विधायक पप्पू भरतौल ने उन्हें शक्ति और बुद्धि का प्रतीक बताते हुए उनके आदर्शों को वर्तमान समय में प्रासंगिक बताया। आयोजक एवं संयोजक मोनू पांडे ने अतिथियों का स्वागत किया। समापन पर महिला आयोग सदस्य पुष्पा पांडे ने आरती कर आशीर्वाद लिया। पूर्व पार्षद महेश पंडित, पंडित अजय राज शर्मा, रतन शर्मा, रत्नेश पांडे, विष्णु देव पाठक, देवेंद्र शर्मा, आशीष शर्मा, दीपक पाठक, कीर्ति पांडे, वंदना पांडे, पंकज मिश्रा, कुमकुम शर्मा सहित संत समाज के प्रतिनिधि शामिल रहे।

**भगवान परशुराम धाम में मनाई जयंती : बरेली, अमृत विचारः** लाल फाटक स्थित भगवान परशुराम धाम में परशुराम जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। वक्ताओं ने कहा कि भगवान परशुराम न्याय, सत्य और धर्म के प्रतीक हैं तथा उनके आदर्श आज भी समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य करते हैं। कांग्रेस प्रदेश सचिव ओमवीर यादव, जिलाध्यक्ष असफाक सकलैनी, महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा, प्रवक्ता पंडित राज शर्मा, सुरेंद्र पांडेय, रमेश मिश्रा, श्रीधर शुक्ला, सुभाष झा, गजेंद्र पांडे, कौशल सारस्वत, बृज किशोर शर्मा, अमन मिश्रा, अविनाश मिश्रा, महावीर प्रसाद शुक्ला व अन्य शामिल रहे।

### सपाइयों ने पुष्प वर्षाकर किया शोभायात्रा का स्वागत



**बरेली, अमृत विचार :** मढ़ीनाथ से भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभा यात्रा का रविन्द्र नगर में समाजवादी पार्टी ने जोरदार स्वागत किया गया। सपा महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी की अगुवाई और निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष समर्थ मिश्रा के संयोजन में आयोजित कैंप में सपाइयों ने पुष्प वर्षा की और विप्र जनों को अंग वस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया। शमीम खां सुल्तानी ने कहा कि 2027 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनने पर भाजपा की ओर से रद्द किया गया भगवान परशुराम जन्मोत्स का सार्वजनिक अवकाश फिर से बहाल किया जाएगा। राजेश मौर्या, हरिओम प्रजापति, एड . प्रमोद यादव, अतुल पाराशरी, पं . दीपक शर्मा, आकाश यादव, अमित गिहार, दीप्ती पांडेय, प्रवीण मिश्रा, अनुज प्रताप सिंह, विद्धांत भारद्वाज, जेपी यादव समेत कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने राधाकृष्ण मंदिर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। संगठन के अध्यक्ष इंद्रदेव त्रिवेदी ने कहा कि भगवान परशुराम नके विचार हमेशा प्रेरक रहेंगे।

मंडल उपाध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने कहा परशुराम जी चिरजीवी व्यक्तित्व माने जाते हैं। मंडल महामंत्री विशाल शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम के विचारों को आत्मसात करने पर ही मानवता का कल्याण किया जा सकता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उत्तराखंड के लिए बीडी शर्मा को प्रदेश संरक्षक, सुरेश चंद्र शर्मा को प्रदेश अध्यक्ष, रमेश कुमार मिश्रा को रुद्रपुर का जिलाध्यक्ष, श्रवण पांडे को नगर उपाध्यक्ष, आकाश मिश्र को युवा टीम का जिलाध्यक्ष, सुभाषिणी द्विवेदी को महिला जिलाध्यक्ष और गायत्री पांडे को महिला जिला सचिव मनोनीत किया। जिलाध्यक्ष रमेश कुमार मिश्र, रामेश्वर प्रसाद शर्मा, रामकिशन तिवारी, वीरेंद्र शर्मा, प्रभाव मिश्रा, मोहित शर्मा, प्रवेश कौशिक, नरेश चंद्र शर्मा, सत्य प्रकाश गिरि उपस्थित रहे।

# श्री अखंड साहिब पाठ के पारायण पर कीर्तन ने संगत को किया निहाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा डिफेंस कॉलोनी में रविवार को खालसा साजना दिवस बैसाखी का पर्व श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया।

शुक्रवार से आरंभ श्री अखंड साहिब पाठ की रविवार सुबह विधिवत समाप्ति हुई। मिरिपीरी जत्था के बच्चों ने मधुर कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को भाव-विभोर कर दिया। ज्ञानी हरप्रीत सिंह खालसा एवं ज्ञानी सुरजीत सिंह ने बैसाखी पर्व के ऐतिहासिक महत्व और खालसा पंथ की स्थापना पर प्रकाश डालते हुए संगत को प्रेरित किया। उत्तराखंड नानक पूरी टांडा से आए भाई कुलवंत सिंह रसीला ने विभिन्न शब्दों का गायन कर वातावरण को



कार्यक्रम में मौजूद बड़ी संख्या में संगत। ● अमृत विचार

● **डिफेंस कॉलोनी गुरुद्वारा में मनाया खालसा साजना दिवस**

भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के समापन पर 15 अप्रैल को अमृत पान करने वाले दो बच्चों तथा गुरु घर की निरंतर सेवा करने वाले भक्तों को सम्मानित किया गया। गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया। आयोजन में मुख्य सेवादार राजेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, गुरजोत सिंह, दिलदार सिंह, अरविंदर सिंह, अमरजीत सिंह, हरपाल सिंह आदि सेवादारों का विशेष सहयोग रहा।

## स्कूलों व मदरसों में आज से टीकाकरण

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में स्कूलों व मदरसों में सोमवार से विशेष टीकाकरण अभियान शुरू होगा। 5 से 16 वर्ष तक के बच्चों को डीपीटी व टीडी के टीके लगाए जाएंगे।

रविवार को हुई बैठक में सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि टीकाकरण के लिए 20, 21, 23, 24, 27, 28 और 30 अप्रैल की तिथियां निर्धारित की गई हैं। सरकारी, निजी, सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड के स्कूल और मदरसों में टीकाकरण किया जाएगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने बताया कि 5-6 वर्ष (कक्षा-1) के बच्चों को डीपीटी-2 बूस्टर डोज दी जाएगी। वहीं, 10 वर्ष (कक्षा-4 से 6) के बच्चों कोटीडी-10 और 16 वर्ष (कक्षा-10 व 11) के किशोरों को टीडी-16 का सुरक्षा कवच प्रदान किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में अभियान की कमान नोडल एनयूएचएम डॉ. अजमेर सिंह को सौंपी गई है।

# प्रतिस्पर्धात्मक युग में मानसिक संतुलन बहुत जरूरी

● **केशलता इंटरनेशनल स्कूल में स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर कार्यक्रम में बोलीं डॉ. लता अग्रवाल**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** केशलता इंटरनेशनल स्कूल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के मार्गदर्शन में स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर प्रभावी एवं ज्ञानवर्धक क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका उद्देश्य शिक्षकों को मानसिक तनाव से निपटने के व्यावहारिक उपायों से अवगत कराने और उनके पेशेवर जीवन को अधिक संतुलित एवं प्रभावी बनाना रहा।

सीबीएसई के अनुभवी रिसोर्स पर्सन रंजीता रानी एवं शील सक्सेना ने शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने तनाव के कारणों, उसके प्रभावों एवं उससे बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला। साथ ही माइंडफुलनेस, समय



स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर कार्यक्रम में शामिल शिक्षक व शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

प्रबंधन, सकारात्मक सोच, योग एवं ध्यान जैसी तकनीकों का अभ्यास भी कराया गया। कार्यक्रम में 24 विद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय की निदेशक डॉ. लता अग्रवाल ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में मानसिक संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों को न केवल सशक्त बनाते हैं, बल्कि उन्हें जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए भी प्रेरित करते हैं। प्रधानाचार्य ममतेश महेश्वरी ने कहा कि एक शिक्षक समाज का निर्माण करता है, इसलिए उसका मानसिक रूप से स्वस्थ होना बहुत जरूरी है। उप प्रधानाचार्य डॉ. निशा शर्मा ने कहा कि तनाव प्रबंधन एक सतत प्रक्रिया है, जिसे हमें अपने दैनिक जीवन में शामिल करना चाहिए। प्रशासनिक अधिकारी सुधांशु शर्मा ने कहा कि सीबीएसई की ओर से आयोजित इस प्रकार के क्षमता निर्माण कार्यक्रम शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और शिक्षकों को आधुनिक समय की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं।

# खामोश! अदालत जारी है ने छोड़ी गहरी छाप



नाटक का एक भावपूर्ण दृश्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,बरेली

**अमृत विचारः** विंडरमियर थिएटर में रंगविनायक रंगमंडल द्वारा प्रस्तुत चर्चित नाटक खामोश! अदालत जारी है का मंचन किया गया। दोनों दिन इसे देखने के लिए रंगमंच प्रेमियों की अच्छी-खासी भीड़ उमड़ी।

नाटक अपने प्रभावशाली विषय, सशक्त अभिनय और सटीक निर्देशन के कारण दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। दानिश खान, अजय चौहान, समयून खान, हिरदेश सिंह, भूपेंद्र कुमार और अनुज वर्मा समेत कलाकारों ने अपने किरदारों को जीवंतता के साथ प्रस्तुत किया। निर्देशक पप्पू वर्मा ने संवादों और मंचन के माध्यम से सामाजिक

● **विंडरमियर थिएटर में दो दिन तक चला सफल मंचन**

यथार्थ को प्रभावी ढंग से सामने रखा। नाटक ने समाज में स्त्री की स्थिति, सामाजिक पूर्वाग्रहों और नैतिकता के दोहरे मानदंडों पर तीखा प्रहार किया। मंचन के दौरान कई ऐसे क्षण आए, जिन्होंने दर्शकों को भावनात्मक रूप से झकझोर दिया। विशेष रूप से एक औरत की ज़िंदगी एक ऐसी अदालत है, जहा हर कोई जज बन बैठता है जैसे संवाद ने दर्शकों के मन पर गहरी छाप छोड़ी। इस सफल आयोजन ने बरेली के रंगमंच में सार्थक और विचारोत्तेजक नाट्य प्रस्तुतियों की आवश्यकता को एक बार फिर रेखांकित किया।

# लिवर डिजीज की रोकथाम पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) की बरेली शाखा ने एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन्स ऑफ इंडिया (एपीआई) के सहयोग से विश्व लिवर दिवस पर रविवार को क्लीनिकल मीटिंग की।

डॉ. राजेश अग्रवाल ने ब्रोंकियल अस्थमा के बदलते स्वरूप एवं आधुनिक उपचार पद्धतियों पर प्रकाश डाला। डॉ. रजत अग्रवाल ने एलर्जिक ब्रोंकोपल्मोनरी एस्परजिलोसिस के निदान एवं प्रबंधन के नवीन



कार्यक्रम में वरिष्ठ एवं युवा चिकित्सक।

दृष्टिकोण साझा किए। डॉ. मुकेश दुबे ने क्रूक्ड स्माइल के एक जटिल केस का विश्लेषण प्रस्तुत किया। डॉ. प्रफुल्ल कुमार सिंह ने फैटी लिवर डिजीज के कारणों एवं रोकथाम पर

● **विश्व लिवर दिवस पर आईएमए एपीआई ने की क्लीनिकल मीटिंग**

विस्तार से चर्चा की। डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव (अध्यक्ष, आईएमए), डॉ. अंशु अग्रवाल (मानद सचिव, आईएमए), डॉ. गिरिश अग्रवाल (वैज्ञानिक अध्यक्ष), डॉ. अनुपम शर्मा (अध्यक्ष, एपीआई), डॉ. सचिन अग्रवाल (मानद सचिव, एपीआई), डॉ. अजय भारती, डॉ. नसीरुद्दीन, डॉ. रूचि श्रीवास्तव, डॉ. भारद्वाज, डॉ. सुधीर गुप्ता सहित अनेक चिकित्सक उपस्थित रहे।

## तीन खिलाड़ियों का एनसीओई में चयन

**बरेली, अमृत विचारः** भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र में अभ्यास करने वाले तीन हॉकी खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) भोपाल और सोनीपत के लिए हुआ है। इसमें सोनू यादव और आदित्य राय का एनसीओई भोपाल के लिए चयन हुआ। शुभम राजभर का चयन एनसीओई सोनीपत में हुआ। केंद्र प्रभारी संदीप मोहन चौधरी ने चयनित खिलाड़ियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## बैठक में प्रस्ताव पास कर स्थापित हुई कलम दवात, तब क्यों मौन रहे

**बरेली, अमृत विचार :** कोहाड़ापीर चौराहे से कलम दवात स्थानांतरित करने की योजना का विरोध तेज हो गया है। भाजपा पार्षद सतीश सक्सेना कातिब ने मेयर डॉ. उमेश गौतम व नगर आयुक्त संजीव मौर्य को पत्र लिखा कि जब नगर निगम बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास करके इसे स्थापित किया गया, तब अधिकारी मौन क्यों रहे। अब अतिक्रमण की जद में बताते हुए शिफ्ट करने की बात कह रहे हैं।

पार्षद ने कहा है कि कोहाड़ापीर

● **पार्षद सतीश कातिब ने मेयर व नगर आयुक्त को लिखा पत्र**

चौराहे पर सौंदर्यीकरण के लिए क्षेत्रीय पार्षद शालिनी जौहरी ने पत्र दिया था, उस पर आपत्ति क्यों नहीं लगाई। स्थल अवैध था तो उसका उद्घाटन व लोकार्पण मेयर व तत्कालीन नगर आयुक्त द्वारा क्यों कराया गया। कायस्थ समाज की भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए कलम दवात जहां लगा है, उसी स्थान पर लगा रहने दें।

# गीतों से दी आशा भोसले को श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को इंस्ट्रूमेंट कार्यक्रम रिद्म एंड बीट्स के जरिये आशा भोसले को याद किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ रिद्धिमा के वाद्ययंत्र गुरुओं सूर्यकांत चौधरी (वायलिन), सुरेंदर (परकसन), अनुग्रह सिंह (ड्रम), विशेष सिंह (गिटार), ऋषभ आशीष पाठक (पखावज), सीमा (सितार), दीपकांत जौहरी (तबला), डैरिक अमन जेम्स (कीबोर्ड), अमर नाथ (तबला) और रॉनी फिलिप्स (सेक्सोफोन) ने किया। एमडीयू



रिद्म एंड बीट्स कार्यक्रम में मौजूद कलाकार। ● अमृत विचार

रोहतक के डा.सुरेंद्र रावत ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रियंका ग्वाल और सात्विक मिश्रा ने वाद्ययंत्र के विद्यार्थियों डा.नम्रता सिंह, विवान अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, गुरमान सिंह, स्वास्ति अग्रवाल, प्रभाव अग्रवाल, मन्तिका अरोरा, मनन अग्रवाल, आयांश अग्रवाल, अतिशय गोयल और श्रेया प्रभजोत के साथ अलबेला सजन आयो रे पर फ्यूजन प्रस्तुत किया। संचालन अरुणा गंगवार ने किया। ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, उषा गुप्ता, डा.रजनी अग्रवाल, सुभाष मेहरा व अन्य मौजूद रहे।

**आवश्यकता है**

- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया/कैंटीन कुक/कैंटीन हेल्पर
- वार्ड बॉय/वार्ड आया

**रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**

सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली

मो. +91-8077808309, 9837357497

## सिटी डायरी

### सद्भावना यात्रा को वनमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**बरेली, अमृत विचार :** मानव सेवा क्लब का 50 सदस्यीय दल रविवार को सद्भावना शांति, एकता बढ़ाने और उसका प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से अहिच्छत्र क्षेत्र आंवला और रामनगर की यात्रा पर बस द्वारा रोटरी भवन से रवाना हुआ। दल को वन मंत्री डॉ .अरुण कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने बताया कि दल रामनगर के जैन मंदिर, प्राचीन किला और गौरी शंकर के मंदिर भी गया। दल में प्रमुख रूप से मुकेश कुमार सक्सेना, सत्येन्द्र सक्सेना, प्रदीप माधवार, कमल भाटिया, प्रकाश चन्द्र सक्सेना, अरुणा सिन्हा, मीरा मोहन, सुधीर मोहन समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### यूपी प्री स्टेट शूटिंग में बरेली शूटिंग एकेडमी ने 12 पदक जीते



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली शूटिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने 13 से 16 अप्रैल तक अयोध्या में आयोजित 29वीं यूपी प्री स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में 12 पदक अपने नाम किए। 10 मीटर एयर राइफल मेन मास्टर कैटेगरी में कोच अमित यादव ने गोल्ड मेडल जीता। 10 मीटर एयर राइफल वूमेन आईएसएसएफ कैटेगरी में गरिमा ने सीनियर वर्ग में सिल्वर और जूनियर में ब्रॉन्ज मेडल जीता। 10 मीटर एयर राइफल वूमेन सीनियर टीम में अभिलाषा, दीपाली और श्रेया ने सिल्वर जीता। वहीं, 10 मीटर एयर पिस्टल वूमेन सीनियर टीम में कीर्ति, दीपशिखा और कशिश ने भी सिल्वर मेडल हासिल किया। 10 मीटर एयर पिस्टल मेन जूनियर टीम में सौमित्र, अली और निशांत ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। एकेडमी के 24 खिलाड़ियों ने प्री स्टेट के लिए क्वालीफाई किया।

### छात्रों ने लेवलिंग तकनीक की बारीकियों को जाना



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के भौतिकी विभाग में प्रयोगात्मक शिक्षा को बढ़ावा देते हुए छात्रों को जमीन की नाप-तौल और समतलीकरण (लेवलिंग) की बारीकियों का प्रशिक्षण दिया गया। विभाग प्रभारी डॉ . अक्षय कुमार शुक्ल के निर्देशन में इस फील्ड ट्रेनिंग में छात्रों ने आधुनिक लेवलिंग उपकरणों ऑटो लेवल और डंपी लेवल का संचालन स्वयं कर सीखा। डॉ . अक्षय कुमार शुक्ल ने छात्रों को बताया कि किसी भी निर्माण कार्य से पहले जमीन की ऊंचाई-नीचाई का सटीक आकलन अत्यंत आवश्यक होता है। इसके लिए ट्राइपॉड पर लेवलिंग मशीन को संतुलित कर विभिन्न बिंदुओं पर रीडिंग ली जाती है। यह तकनीक सड़क, भवन, पुल, नाली और अन्य बुनियादी ढांचा निर्माण कार्यों में बेहद उपयोगी होती है।

### भगवान परशुराम जयंती पर किया हवन-पूजन



**बरेली, अमृत विचार :** कर्मचारी नगर स्थित मनसा माता मंदिर धर्मशाला में ब्राह्मण कल्याण परिषद की ओर से रविवार को परशुराम जयंती पर हवन पूजन किया गया। कैलाश मिश्रा ने कहा कि परशुराम ने कठिन तपस्या कर शिव को प्रसन्न किया और सारंग धनुष प्राप्त कर दमनकारी राजाओं का 21 बार अंत कर समाज को मुक्ति दिलाई। हवन पूजन पंडित अरविंद मिश्रा ने कराया।शरद शर्मा की अध्यक्षता में नई कार्यकारिणी गठन की गयी। अमित शर्मा मंत्री, राजेश मिश्रा संगठन मंत्री, अजय द्विवेदी सह संगठन मंत्री, सुमित शर्मा मीडिया प्रभारी बनाया गया। संरक्षक सीएल शर्मा, विजय शर्मा, डीके त्यागी, अमित शर्मा, आरडी मिश्रा, गौरव भारद्वाज, सुरेश चंद्र शर्मा, शरद शर्मा, अजय द्विवेदी, विनय चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।